卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 46 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦23 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospital, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com





GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


# 12 दिन बाद आज होगा 41 मजदूरों के लिए नया सवेरा

## देर शाम तक रिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने की उम्मीद, सुरंग में जाकर सीएम ने लिया जायजा

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। सिलक्यारा सुरंग के अंदर फंसे 41 मजदूरों को आज रात तक बाहर निकाल लिया जाएगा। रेस्क्यू के लिए चलाया जा रहा अभियान अब अपने अंतिम चरण में है। मजदूरों तक पहुंचने के लिए केवल करीब दस मीटर दूरी शेष रह गई है। जिसे शाम तक तय कर लिया जाएगा। टनकल के बाहर मजदूरों के लिए एंबुलेंस तैनात की गयी है। साथ ही मजूदरों को जरूरत पड़ने पर एयरलिफ्ट भी किया जाएगा। गुरूवार को मुख्यमंत्री ने टनल के भीतर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने सुरंग में फंसे हुए मजदूरों से बात भी की। साथ ही सीएम





ने टनल के पास स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। वहीं सीएम धामी से प्रधानमंत्री ने आज पुन: फोन पर बातचीत कर अपडेट लिया। सीएम धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज फोन कर सिलक्यारा में निर्माणाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों एवं प्रदेश प्रशासन के समन्वय से युद्ध स्तर पर संचालित राहत एवं बचाव कार्यो में हो रही प्रगति से पीएम मोदी को अवगत कराया। बताया कि प्रधानमंत्री को मौके पर श्रमिकों के उपचार व देखभाल के लिए चिकित्सकों की टीम, एम्बुलेंस, हेली सेवा एवं अस्थायी हॉस्पिटल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में एम्स ऋषिकेश में चिकित्सकों को तैयार रहने के निर्देश दिए जाने की जानकारी भी दी। वहीं केंद्रीय मंत्री वीके सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुरंग के भीतर जायजा लिया।उन्होंने सुरंग में फंसे श्रमिकों से बात भी की। वहीं एनडी आरएफ के डीजी अतुल करवाल ने बताया कि आखिरी पाइप को वेल्ड किया जा रहा है। अगर कोई बाधा न आई तो शाम (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार खाई में गिरने से एक की मौत,चार गंभीर

नैनीताल (उद संवाददाता)। कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी अनुसार खोली, नैनीताल अड़ोली से कुछ लोग शादी का टैंट लगाने अनर्सा गए थे लेकिन लौटते समय उनकी कार अनियंत्रित होकर कन्यालीकोट मार्ग पर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में टैंट और कार स्वामी महेंद्र परिहार पुत्र मोहन सिंह परिहार निवासी मोटासिमल की दर्दनाक मौत हो गई। वाहन में बैठे अन्य लोग जिनके नाम प्रकाश चंद्र, राजकुमार, अनिल कुमार निवासी अड़ोली व पप्पू परिहार, निवासी खोली घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और गंभीर रूप से घायल पप्पू को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।



# हादसे में जीजा साले की मौत, एक गंभीर

## नानकमत्ता मेले से देर रात लौट रहे थे घर, नाले में गिरी बाइक

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। दिवाली मेले से लौट रहे जीजा साले की हादसे में मौत हो गयी। जबकि मृतक का भाई गंभीर रूप से घायल हो गयां उसे लिए चिकित्सालय भिजवाया। साथ ही सभी के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर मृतकों के परिजन आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच





गंभीर हालत में खटीमा भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शवों को अपने कब्जे में लेकर घायल युवक को उपचार के गया। जानकारी के अनुसार ग्राम रनसाली डामपार नानकमत्ता निवासी 25 वर्षीय जसविंदर सिंह व उसका भाई 20 वर्षीय हरजिंदर सिंह पुत्रगण मंजीत सिंह अपने जीजा ग्राम चन्दुपुरा गोपालगढ़, जिला भरतपुर राजस्थान निवासी 28 वर्षीय रिंकू सिंह पुत्र सज्जन सिंह के साथ बुधवार शाम नानकमत्ता (शेष पृष्ठ सात पर)


किराये हेतु
डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25x75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।
&lEid djl&
9897067700
9897683006


# खाटू जी के जन्मोत्सव पर निकली भव्य निशान यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्याम बाबा खाटू के जन्मोत्सव पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति शिवनगर द्वारा आज ट्रांजिट कैंप से गल्ला मंडी तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जिसमे सैकड़ों बाबा भक्तों ने बाबा जी की भक्ति में मस्त होकर निशान के साथ प्रतिभाग किया। निशान यात्रा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ट्रांजिट कैंप थाना के सामने श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई। श्री खाटू श्याम बाबा के शीश स्वरूप को बाबा भक्तों ने सुसज्जित वाहन पर भव्य रूप से सजाकर विराजमान किया था। पालकी में विराजमान श्री खाटू श्याम बाबा के शीश स्वरूप के समक्ष समाजसेवी भारत भूषण चुघ एवं संजय ठुकराल ने दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की। जिसके साथ साथ कई जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य तथा सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा, बच्चे भजन कीर्तन के साथ श्री खाटू श्याम बाबा जी जयघोष करते जा रहे थे। निशान यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर ट्रांजिट कैंप मुख्य मार्ग, झील मोड़, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, गांधी पार्क, महाराजा रणजीत सिंह पार्क, मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक होते हुए गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची। जहां बाबा भक्तों ने निशान यात्रा का जोरदार स्वागत किया। मंदिर में बाबा भक्तों ने केक काटकट श्री खाटू श्याम बाबा (शेष पृष्ठ सात पर)





# तकिये से पिता का मुंह दबाकर हत्या का प्रयास

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए मामले की जान पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती निवासी अमित कुमार पुत्र राम सिंह ने बताया कि बाट 19 नवंबर की रात्रि लगभग 11:30 बजे उसका सगा भाई अजय कुमार अचानक कमरे में घुस आया और चौके से प्राण घातक हमला करते हुए उसका सिर फाड़ दिया। मारपीट के दौरान आरोपी अजय की पत्नी राखी ने शिकायतकर्ता की मां कमला देवी को लाठी डंडों से बुरी तरह पीट दिया जिससे उसका एक हाथ फैक्चर हो गया। आरोपी दंपति ने मकान में हिस्सा न दिए जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को हालिया घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बीते 20 नवंबर की सुबह 11:00 बजे के करीब उसके भाई अजय ने मुंह पर तकिया रखकर मौत के घाट उतारने का प्रयास किया। किराएदार प्रीति द्वारा शोर शराबा करने पर वह मौके से भाग गया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी अजय के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में प्रभु विहार कॉलोनी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास मानपुर रोड निवासी शिव ओम शर्मा पुत्र सुरेश चंद्र शर्मा ने बताया कि बाट 19 नवंबर की दोपहर 2:30 बजे (शेष पृष्ठ सात पर)

# सिल्क्यारा में 41 एंबुलेंस तैनात

## रेस्क्यू ऑपरेशन में ऑगर मशीन से मिली कामयाबी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम सुरंग के अंदर पहुंची





देहरादून/ उत्तरकाशी(उद ब्यूरो)। आखिरकार उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल हादसे में 12 दिन बाद खुशखबरी मिलने का इंजतार खत्म हो गया है।दिपावली के दिन उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सुरंग में हुए हादसे में फंसे 41 श्रमिक जल्द बाहर आ सकते हैं। पहले सुरंग में 900 मिमी पाइप को ऑगर मशीन के माध्यम से भेजा था, जो 22 मीटर जाने के बाद अटक गया था। इस पाइप में 800 मिमी का पाइप भेजने का फार्मूला काम आ गया। एक तो 22 मीटर तक 800 मिमी पाइप पर मलबे का दबाव नहीं था। दूसरे मलबे के 25 से 45 मीटर हिस्से में जहां दबाव था, उसे बुधवार शाम को पार कर लिया गया। सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को आज 264 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है।12 नवम्बर की सुबह 5:30 बजे हादसा हुआ था। जब अचानक ऊपर से मलबा गिरने की वजह से 41 मजदूर टनल में फंस गए थे। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सुरंग से बाहर निकलने के बाद सबसे पहले चिकित्सकों की निगरानी में रखा जाएगा। इसके लिए सिलक्यारा, चिन्यालीसौड़ व उत्तरकाशी स्थित जिला अस्पताल में पूरी व्यवस्था कर ली गई है। सिलक्यारा में 10 बेड का अस्थायी अस्पताल बनाया गया है,जबकि सामुदायिक अस्पताल चिन्यालीसौड़ व जिला अस्पताल उत्तरकाशी में 41-41 बेड की व्यवस्था की गई है। साथ ही ऋषिकेश एम्स को भी अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति में श्रमिकों को एयरलिफ्ट कर एम्स पहुंचाया जाएगा। सिलक्यारा में जैसे-जैसे बचाव अभियान अंतिम चरण में पहुंच रहा, वैसे-वैसे तमाम विभाग अपनी-अपनी तैयारी में जुटे हुए। इसी क्रम में महानिदेशक चिकित्सा डा. विनीता शाह ने मंगलवार को उत्तरकाशी व सिलक्यारा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति जांची थी। श्रमिकों को सुरंग के भीतर जरूरी दवा की आपूर्ति के लिए सिलक्यारा में चिकित्सकों की टीम शुरुआत से तैनात है। सिलक्यारा में बनाए गए 10 बेड के अस्थायी अस्पताल में 20 चिकित्सकों की तैनाती भी की गई है। जिसमें वरिष्ठ फिजिशियन और मनोचिकित्सक शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि जब श्रमिकों को सुरंग से बाहर निकाला जाएगा तो सर्वप्रथम विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनकी स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी। सिलक्यारा, चिन्यालीसौड़ व उत्तरकाशी में तैयार किए गए सभी बेड पर ऑक्सीजन व जीवन रक्षक दवा भी उपलब्ध करा दी गई है। सभी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों को 24 घंटे अलर्ट पर रहने को कहा गया है। सुरंग से बाहर निकलने पर सिलक्यारा में प्राथमिक उपचार के बाद सभी श्रमिकों को सबसे निकटवर्ती अस्पताल चिन्यालीसौड़ भेजने की योजना है। अगर किसी श्रमिक की स्थिति गंभीर हुई तो उसे एयर लिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया जाएगा। सिलक्यारा में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं वाली 45 एंबुलेंस भी तैनात की गई हैं।

# धामी ने बौखनाग देवता को किया प्रणाम

## अब आखिरी पाईप की ड्रिलिंग जारी: सुरंग के बाहर 41 एंबुलेंस और चिनूक हेलीकॉप्टर चिन्यालीसौड हवाई अड्डे से एम्स एयरलिफ्ट करेगा



उत्तकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार शाम ही उत्तरकाशी पहुंच गए हैं। सीएम ने मातली में ही रात्रि प्रवास किया। वहीं आज प्रात: सीएम धामी ने टनल के पास स्थापित बौखनाग देवता के मंदिर को प्रणाम किया और रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता की कामना की। सुरंग हादसे के बाद अब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार तैयारी में जुटी है। ऑगर मशीन से सुरंग में ड्रिलिंग का काम जारी है। सीएम धामी ने ट्ववीट कर कहा सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मैं स्थलीय निरीक्षण के लिए उत्तरकाशी पहुँच रहा हूं। सभी मजदूरों को बाहर निकालकर सीधे चिन्यालीसौड़ ले जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री धामी भी वहीं मजदूरों से मिलेंगे। एनडीआरएफ ने भी बचाव की ब्रीफिंग शुरू की कर दी है। सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के लिए खाना पैक किया गया जो छह इंच की पाइपलाइन के जरिए मजदूरों तक खाना पहुंचाया गया है। पीटीआई के अनुसार, एनएचएआई की टीम अब देश भर में सभी 29 निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट करेगी। उत्तरकाशी के डीएम अभिषेक रुहेला बचाव कार्यों का मुआयना करने के लिए मौके पर पहुंच गये हैं। उम्मीद की जा रही है कि आज सभी मजदूर सकुशल बाहर निकल आएंगे। जानकारी मिली है कि अब मात्र छह मीटरकी ड्रिलिंग बची है जिसके कुछ ही घंटो में पूरा होने की उम्मीद है। आठ बजे चिनूक हेलीकॉप्टर चिन्यालीसौड हवाई अड्डे पर लैन्ड करेगा। मजदूरों को एयरलिफ्ट करने की जरूरत पड़ने पर मदद करने के लिए तैयार रहेगा। सुरंग के बाहर एंबूलेंस भी मौजूद हैं और हर तरह की सेवा-सहायता का इंतजाम किया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन टीम के सदस्यों में से एक गिरीश सिंह रावत ने बताया कि श्रेस्क्यू ऑपरेशन लगभग आखिरी चरण में है। उम्मीद है 1-2 घंटे में नतीजे आ जाएंगे। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए पाइपलाइन डाली जा रही है। मलबे में फंसे स्टील के टुकड़ों को काटकर हटा दिया गया है। इससे मजदूरों के जल्द बाहर आने की उम्मीद बंधी है। कल दिन भर ड्रिलिंग के दौरान सुरंग के भीतर रहने वाले प्रोजेक्ट हेड हरपाल सिंह का कहना है कि उन्होंने मजदूरों से कई बार बात की है। मजदूरों से बिल्कुल सामान्य बात की जा सकती है। सभी मजदूरों ने एकजुट होकर कहा है कि इस टनल को वही बनाएंगे। इस घटनाक्रम के बावजूद मजदूर हतोत्साहित नहीं हुए हैं।



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने लिया रेस्क्यू अभियान का जायजा

उत्तरकाशी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल हादसे में फंसे लोगों के परिजनों से मुलाकात की और वहाँ पर चल रहे रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया। इस दौरान मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इस अभियान में भाजपा सरकार की नाकामी साफ दिख रही है, लेकिन हमारे सेना, एयरफोर्स के जवान दिन रात मेहनत में लगे हैं। मैं सभी जवानों व रेस्क्यू अभियान में लगे लोगों को सलाम करता हूँ। मैं भगवान श्री काशी विश्वनाथ और माँ गंगा से सभी श्रमिकों के जल्द सकुशल टनल से बाहर आने की कामना करता हूं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड सरकार सुरंग परियोजनाओं में हुई लापरवाही की जांच कराये।

# एनडीआरएफ के डीजी सिल्क्यारा पहुंचे

## श्रमिकों के उपचार व देखभाल के लिए चिकित्सकों की टीम एम्बुलेंस, हेली सेवा एवं अस्थायी हॉस्पिटल भी किया तैयार

उत्तरकाशी। एनडीआरएफ के डीजी अतुल करवाल ने बताया कि आखिरी पाइप को वेल्ड किया जा रहा है। अगर कोई बाधा न आई तो शाम तक ऑपरेशन सिलक्यारा पूरा हो जाएगा। पाइप पार होने के बाद पहले उनके जवान उसका निरीक्षण करेंगे। इसके बाद पहियों वाले स्ट्रेचर से मजदूरों को बाहर निकाला जाएगा। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम सुरंग के भीतर पहुंच गई है। सीएम धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज फोन कर सिलक्यारा, उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों एवं प्रदेश प्रशासन के समन्वय से युद्ध स्तर पर संचालित राहत एवं बचाव कार्यों में हो रही प्रगति से पीएम मोदी को अवगत कराया। बताया कि प्रधानमंत्री को मौके पर श्रमिकों के उपचार व देखभाल के लिए चिकित्सकों की टीम, एम्बुलेंस, हेली सेवा एवं अस्थायी हॉस्पिटल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में एम्स ऋषिकेश में चिकित्सकों को तैयार रहने के निर्देश दिए जाने की जानकारी भी दी। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह के बाद अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उत्तरकाशी पहुंचे। दोनों ही सुरंग के भीतर जायजा लेकर बाहर लौट आए हैं। वहीं पीएमओ के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने बताया कि अभी रेस्क्यू ऑपरेशन में 12 से 14 घंटे का समय लग सकता है। जबकि दूसरी तरफ अन्य सूत्रों के हवाले से इससे पहले ही कभी भी अच्छी खबर मिल सकती है। इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन (आईटीए) के अध्यक्ष प्रो. आर्नाल्ड डिक्स ने सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि सुरंग से जुड़े हादसों में जब वह बचाव के लिए पहुंचते हैं तो ज्यादातर में अंदर फंसे लोगों की मौत हो चुकी होती है। जबकि यहां वह जिंदा है और उन्हें बहार निकालने के लिए रात-दिन प्रयास किए जा रहे हैं। आर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन में अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर एक साथ काम किया जा रहा है। प्रत्येक विकल्प में खतरे को भांप कर काम किया जा रहा है।





रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# आबकारी विभाग ने भूरारानी में पकड़ी शराब बनाने की फैक्ट्री

## भूरारानी स्थित एक घर पर दबिश देकर अवैध रूप से बनाई जा रही नकली गुलाब शराब का जखरी बरामद किया, आरोपी हुआ फरार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा के नेतृत्व में आबकारी विभाग ऊधमसिंह नगर, जिला आबकारी प्रवर्तन इकाई तथा कुमायूँ मण्डल, प्रवर्तन इकाई की संयुक्त टीम ने भूरारानी स्थित एक घर पर दबिश देकर अवैध रूप से बनाई जा रही शराब का जखीरा पकड़ा है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लालकुआं क्षेत्र का रहने वाला विकास मण्डल भूरारानी क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है। टीम ने विकास मण्डल को पकड़ने के लिए घेराबंदी की तो वह अपनी ऑल्टो कार संख्या यू0के0-04 8229 में आता हुआ दिखाई दिया। विकास मण्डल को आबकारी विभाग द्वारा पूर्व में भी नकली शराब की फैक्ट्री के साथ पकड़ा था। टीम द्वारा उसकी कार का पीछा करने पर वह भूरारानी रोड़ में धर्मपुर के पास द्वारका इन्क्लेव फेज-1 कालौनी में घुस गया। टीम ने कालोनी में उसकी खोजबीन की तो वह एक घर को बन्द कर ऑल्टो कार से जाता हुआ दिखाई दिया। टीम ने उसे रूकने को लिए इशारा किया तो वह टीम को देखकर गाडी तेज भगाकर ले गया। जिस घर से वह निकला था, उस घर की टीम द्वारा घेराबन्दी की गयी और घर का ताला तोडकर तलाशी ली गयी तो घर के अन्दर नकली शराब गुलाब ब्राण्ड बनती हुयी पायी गयी। टीम को घर से शराब और शराब बनाने के उपकरण मिले। मौके से तैयार गुलाब ब्राण्ड की 34 पेटी (1632 पव्वे), 80 लीटर स्प्रिट, 40 लीटर इसेन्स, 120 लीटर तैयार देशी शराब, 11680 बाजपुर देशी मदिरा के लेबिल, देशी मदिरा के 2600 होलोग्राम, 1 एल्कोहल मीटर, 1 थर्मामीटर, पिलखली डिस्टलरी के 3000 ढक्कन, बाजपुर डिस्टलरी के 2000 ढक्कन, 200 वासर, तारीख वाली मोहर, वित्तीय वर्ष की मोहर, आधा लीटर केरोमल, आधा लीटर कलर, तीन गौंद की शीशी, 2 कैमलिन गौद, 2 स्टेम्प पैडकैंची, टैप, 5 मिक्सर मशीन, 1 वाटर फिल्टर, 450 खाली पव्वे, 14 बण्डल गत्ते मय सैपरेटर आदि बरामद हुए। फरार आरोपी विकास मण्डल पुत्र विरेन्द्र मण्डल निवासी वार्ड न0-04 आजाद नगर डौली रेन्ज लालकुआँ के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धराओं के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। कार्यवाही के दौरान आबकारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह बिष्ट, सोनू सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक श्रमिक की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर श्रमिक की उसके पहिए के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई। तहसील मीरगंज जिला बरेली, यूपी के ग्राम मालीपुर निवासी तेजराम (40 वर्ष) पत्नी प्रेमवति और बेटी बीना के साथ निकटवर्ती ग्राम मकरंदपुर स्थित एक भट्टे पर 1 साल से ईट बनाने का काम कर रहा था शाम 4 बजे भट्टे के मुंशी नदीम ने तेजराम को ट्रैक्टर ट्राली से भेज कर मिट्टी मंगाई अन्य श्रमिकों के साथ तेजराम मिट्टी भरकर भरी ट्रैक्टर ट्राली के पीछे पैदल चलने लगा इस बीच ढलान पर ट्रैक्टर ट्राली पीछे लौटने लगी तेजराम अनियंत्रित ट्राली के पहिए की चपेट में आ गया चालक को घटना का आभास तक नहीं हुआ। तेज राम को दबा देखकर अन्य श्रमिकों ने शोर मचाया परंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी, घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक और मुंशी फरार हो गए। ग्रामीणों द्वारा करीब 2 घंटे बाद महतोष पुलिस चौकी को सूचना दी गई जिस पर गदरपुर थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक तेजराम अपने घर का एकमात्र कमाऊ था, उसकी मृत्यु से परिवार के भरण पोषण का गंभीर संकट पैदा हो गया है।

## किसान की गोशाला में लगी आग, एक मवेशी की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। तहसील क्षेत्र के गांव रूपपुर में एक गोशाला जलकर राख हो गई। इनमें बंधे मवेशियों में एक भैंस जिंदा जल गई। जबकि भैंस की एक बछियां भी झुलस गई है। किसान के अनुसार आग लगने से करीब पचास हजार का नुकसान हुआ है। हालाकि आस पास के किसानों ने आग पर काबू पा लिया। तब तक भैंस जिंदा जल कर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गदरपुर के गांव रूपपुर के किसान चरनजीत की गोशाला में देर शाम साढे पांच बजे अज्ञात कारणों से अचानक आग भड़क गयी। आग से गोशाला जल गईं। किसान की गोशाला में बंधी एक भैंस जिंदा जल कर मर गई। जबकि, भैंस से कुछ दिन पूर्व जन्मी बछिया आग से बुरी तरह झुलस गईं। सूचना पर पहुंचे मझरा विधि गांव के प्रधान पति त्रिलोक सिंह ने मौका मुआयना कर तहसीलदार को सूचित किया। लेकिन मौके से न तो तहसील से कोई पहुंचे न ही पशु चिकित्सक। तहसीलदार देवेन्द्र सिंह विष्ट ने कहा कि किसान चरनजीत की गो शाला में आग लगने से एक मवेशी भैस जल गई है। पशु चिकित्सक से पीएम करवाने की बात कही गई। किसान चरनजीत ने तहसील प्रशासन से नुक्सान की मुआवजा देने की मांग की है।

## अवैध कच्ची शराब समेत दो गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने दो शातिर कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब कारोबारियों को पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि रेलवे क्रॉसिंग के समीप टांडा उज्जैन निवासी सोहन कुमार पुत्र नंदकिशोर तथा खड़कपुर देवीपुरा निवासी किशन लाल पुत्र रामशरण शुगर मिल गेट के समीप संदिग्ध हालत में चहल कदमी कर रहे थे इसी दौरान उधर से होकर गुजर रही पुलिस ने शक के आधार पर दोनों को दबोचकर तलाशी में दोनों के कब्जे से 96 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों शराब कारोबारियों से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दोनों का चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। यहां बता दें कि रेलवे क्रॉसिंग के समीप सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक कंचन नामक एक शराब कारोबारी कच्ची शराब बेचने का काम कर रहा है। इसके अलावा चाय की दुकान चलाने वाली एक महिला समेत कोयले की रैक के आसपास प्लेटफार्म के किनारे बस्ती में कई जगह कच्ची शराब बेची जा रही है तो वहीं दूसरी ओर कंचन की पत्नी अपने घर से लगातार कच्ची शराब की भारी मात्रा में खपत कर रही है।

## ट्रांजिट कैम्प से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भैया दूज पर्व पर बनबसा से आये एक युवक की ट्रांजिट कैम्प से अज्ञात व्यक्ति बाईक चोरी कर ले गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में बन्टू गुप्ता पुत्र विरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी पचपकरिया बनबासा कैनाल रेज, चम्पावत ने कहा है कि 15 नवम्बर को दोपहर 3 बजे भैया दूज के अवसर पर वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एक्यू 0299 से अपने भैया राजू गुप्ता पुत्र सत्यपाल निवासी वार्ड 4, आजाद नगर, ट्रांजिट कैम्प, के निवास स्थान गया था। उसने अपनी उक्त मोटर साइकिल राजू गुप्ता के घर के बाहर खड़ी कर लॉक लगा दिया। साय 7.30 बजे देखा तो उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।




## अवैध चाकू संग चोरी के इरादे से घूमता पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ चोरी के इरादे से घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आवास विकास चौकी प्रभारी एसआई नीमा बोहरा पुलिस कर्मियों का. पंकज सजवाण के साथ रात्रि गश्त कर रही थीं। इसी दौरान घोबीघाट मोड पर धोबीघाट दिन शेड के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिसजनो को देखकर जब उसने छिपने का प्रयास किया तो शक होने पर पुलिस ने उसे कल्याणी नदी के पास से पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विशाल यादव पुत्र स्व. ओमप्रकाश निवासी वार्ड 37, रविन्द्रनगर ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। उसने बताया कि वह अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए छोटी-मोटी चोरी करता है। चोरी करते समय पकड़ में ना आ जाऊ इसलिए अपने पास चाकू रखता हूं। पुलिस ने बरामद चाकू कब्जे में लेकर विशाल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## छात्रों को बताये मार्केटिंग के टिप्स

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिगमा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में गेस्ट लेक्चर का आयोजन पॉलीटेक्निक तथा फार्मेसी विभाग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट व डॉ विजय सिंह तथा टी. एंड पी. हेड रजत धवन की देखरेख में किया गया। गेस्ट लेक्चर में टाटा मोटर्स लिमिटेड पंतनगर के सीनियर मैनेजर ऋतुराज नादर ने मानव संसाधनों (रणनितिक उद्देश्य, परीक्षण व विकास, इंटरव्यू टिप्स) के विषय में बताया। गेस्ट लेक्चर में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इलेक्ट्रिकल, प्रोडकेशन, ऑटोमोबाइल, सिविल, दितीय व तृतीय वर्ष के छात्र तथा बी फार्मा फाइनल ईयर डिम्लोमा इन फार्मा के फाइनल ईयर के छात्र रहे। गेस्ट लेक्चर में उन्होंने अपनी उपलब्धियों के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा मार्केटिंग के क्षेत्र में बच्चों का मार्गदर्शन किया साथ ही मार्केटिंग के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों के बारे में चर्चा की। छात्र-छात्रो ने संस्थान की प्रवंधन सीमित प्रधानाचार्य तथा टी. एंड पी. हेड रजत धवन को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, निर्देशक सी ए शिव अरोरा, निर्देशिका डॉ सीमा अरोरा, प्रबंधक समिति से वंश डावर, शौर्य अरोड़ा, सीईओ अनुभव बाठला, साहिल छाबड़ा, नवनीत तिवारी, दीपिका देउपा, जया वर्मा, ऋचा तिवारी, प्रज्ञा आदि ने छात्रो को निरंतर बढ़ते रहने के प्रेरणा प्रदान की।

## सितारगंज में सूखी नदी पर अवैध मिट्टी का खनन जारी

सितारगंज(उद संवाददाता)।विधानसभा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है जिसमें प्रशासन के उच्च अधिकारी की मिली भगत से अवैध मिट्टी अंजाम दिया जा रहा है। करोड़ों रुपए की मिट्टी माफिया बेच चुके हैं। पूरी नदी खोद डाली है। प्रशासन के कुछ अधिकारी भी माफिया के साथ मिलकर अवैध मिट्टी खनन को शह दे रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना दी जा चुकी है लेकिन प्रशासन के कुछ अधिकारी खुद ही अवैध मिट्टी खनन का खेल खेल रहे हैं। प्रशासन बिल्कुल भी संज्ञान नहीं ले रहा है जिससे सितारगंज क्षेत्र की सड़कों का भी बहुत बुरा हाल है। अभी कुछ दिन पूर्व शक्ति फार्म क्षेत्र में एक डंपर से एक बच्चे की मौत हो गई थी लेकिन प्रशासन ने उसे मामले को भी संज्ञान नहीं लिया क्योंकि प्रशासन के कुछ आधिकारिक खुद ही अवैध मिट्टी खनन का कार्य कर रहे हैं। ऐसे में प्रशासन के द्वारा करवाई नहीं की जा रही है। लक्खा पुल पर चार पोकलैंड मशीनों से अवैध मिट्टी खनन को अंजाम दिया जा रहा है जिससे प्रशासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। प्रशासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है लेकिन माफिया टस से मस नहीं हो रहे हैं। कुछ दिन पूर्व नकुलिया के ग्रामीणों ने एसडीएम तुषार सैनी को अवैध मिट्टी खनन के मामले में पत्र दिया था लेकिन प्रशासन के अधिकारी बिल्कुल भी मामले का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। इस बार तो बिल्कुल ही हद कर दी है लगभग 35 से 40 डंपर लक्खा पुल पर चल रहे हैं।

## एसपी क्राईम ने ऑनलाइन बैठक कर दिए निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी क्राईम, ट्रैफिक द्वारा जनपद पुलिस के सभी सर्किल प्रभारी तथा थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन



गोष्ठी का आयोजन कर सभी को कई दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अपने अधीनस्थ नियुक्त अधिकारियों और कर्मियों की समस्याओं को जानकर त्वरित समाधान करें। यदि समस्या जनपद स्तर की हो तो नोडल अधिकारी स्तर पर रखी जाए।पार्ट पैण्डिग व 6 माह से लम्बित चल रही विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विवेचकों द्वारा पार्ट पैण्डिग विवेचना के निस्तारण हेतु 15 दिवस का अभियान चलाया गया है। इस दौरान अभियोग की शेष कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय।न्यायालयों द्वारा सडक दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन में प्रकाशित प्रारूपानुसार भरकर पीडिता, बीमा कम्पनी, एमएसीटी, एसएलएसए को समय से प्रेषित करने के निर्देश दिये गये हैं। इन निर्देशों का सभी थाना प्रभारी कढाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। डा. चंद्र ने कहा कि एसएसपी द्वारा निर्गत आदेशों के अनुक्रम में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये क्वालिटी चालान किये जाने अति आवश्यक हैं। चालानी कार्यवाही 6 बिन्दुओं के अनुसार की जाय। डग्गामार वाहनों में ओवर हाईट सामान लादने व क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले चालकों के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाय। समयखसमय पर स्कूली वाहनों की नियमित चौकिंग करें। छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत अनियमितता पाये जाने वाली स्कूल बसों के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही करें। डीएल निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाय। वर्तमान में बारातों का सीजन प्रचलित है। सभी सम्बन्धित सडकों पर बारातियों द्वारा जाम की स्थिति की रोकथाम कर यातायात सुचारू करायेंगे। मैनुअल चालानों में कमी लाये, ई-चालान की कार्यवाही अधिक से अधिक की जाय।

## कई बार पकड़े जा चुके हैं सोहन व बोकरी

काशीपुर। अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया सोहन पिछले लंबे समय से शुगर फैक्ट्री गेट पर खोखे की आड़ में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब के कारोबार में लिप्त बताया जा रहा है। वैसे तो टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के समीप दर्जनों लोग कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि पकड़ा गया सोहन एक दिन में पांच से आठ हजार तक की शराब खपत कर देता है। उसके इस काम में उसका भाई बोकरी मदद करता है। बोकरी व सोहन पूर्व में पुलिस द्वारा कई बार पकड़े जा चुके हैं। इसी तरह दोनों भाइयों के विरुद्ध आबकारी द्वारा भी पूर्व में कार्यवाही की जा चुकी है लेकिन जमानत पर छूटने के बाद दोनों फिर से गैर कानूनी धंधे में लिप्त हो जाते हैं।

# राज्य के विकास में सहभागी बनेंगे इनवेस्टर्स : धामी

## रूद्रपुर में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में 27476.67 करोड़ के हुए एमओयू





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के अन्तर्गत क्षेत्रीय सम्मेलन में कुल 434 यूनिटों का 27476.67 करोड़ रूपये के एमओयू हुए। जनपद नैनीताल की 139 ईकाइयों के 4312.90 करोड़ के तथा जनपद ऊधम सिंह नगर के 295 इकाईयों क 23163.77 करोड़ के एमओयू किये गये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लन्दन, दुबई, अबू धाबी, चेन्नई, बेंगलोर, अहमदाबाद, मुंबई के बाद अपने गृहक्षेत्र रुद्रपुर में आप सभी के मध्य राज्य में निवेश की अपार संभावनाओं को लेकर सम्मेलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमें विदेशी जमीन पर निवेशकों का सहयोग और सर्मथन मिला, उसी तरह आप सभी का भी सहयोग और समर्थन हमें मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे सभी उद्यमि राज्य के ब्राण्ड एम्बेस्डर हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे, अवसर बढ़ेंगे तो उत्तराखंड से बेरोजगारी भी कम होगी। उन्होंने कहा कि सरलीकरण, समाधान, निस्तारिकरण और संतुष्टि के मूल सिद्धांत को अपनाकर राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। राज्य में लाइसेंस आदि के अनुमोदनों के लिए 'सिंगल विंडो सिस्टम' की व्यवस्था में सुधार किया गया है तथा व्यवसाय की स्थापना और संचालन के लिये आवश्यक सभी स्वीकृतियों के लिए व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार तथा ऊधम सिंह नगर जनपद में 6000 एकड़ लैण्ड बैंक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में एमओयू साइन हो जाते थे, परन्तु कार्य आगे नहीं बढ़ पाता था। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में काम करना चाहते हैं और निवेशकों को राज्य में क्या-क्या और किस प्रकार की सुविधाएं व व्यवस्थाएं चाहिए उनपर भी विस्तार से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश हेतु बहुत बड़े प्रस्ताव राज्य सरकार को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्तावों का आंकलन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव राज्य के लिए व्यावहारिक दृष्टि से ठीक होंगे तथा राज्यानुकूल होंगे, ऐंसे प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार, आर्थिकी में वृद्धि एवं राज्यानुकूल उद्योगों स्थापित हों तथा उद्योग ठीक प्रकार से चलें। उन्होंने कहा कि सरकार के भरोसे पर उद्यमि अपना उद्योग लगाने में अपनी सम्पूर्ण जमा पूंजी एक बार में लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य तंत्र की जिम्मेदारी है कि जिसे भी उद्योग लगाने के लिए कह रहे हैं, उनकी ऑनरशिप लेनी पड़ेंगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में उद्यमियों के साथ किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। श्री धामी ने एप्पल मिशन के अन्तर्गत एम-9 फसल तथा एम-111 के किसानों को नफा-नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि राज्य तंत्र जिसे भी उद्योग लगाने के लिए कह रहे हैं,उनकी ऑनरशिप लें और अभिभावक के तौर पर काम करें। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित कर सकती है, बढ़ावा दे सकती है, संरक्षण व सहायता कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य राज्य में निवेश बढ़ाने के साथ ही राज्य की विशेष पहचान पूरी दुनिया में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों का ध्यान उत्तराखण्ड की तरफ गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण अधिक है, जबकि राज्य में मौसम, वायु सहित सभी परिस्थितियां व्यक्तियों तथा उद्योगो के अनूकूल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नदियां, पहाड़ तथा मैदान सभी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के साथ कम्यूनिकेशन स्थापित किया गया है।



उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समूह की बैठक में रखी गई समस्याओं में से 99 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के पारम्परिक क्षेत्रों जैसे पर्यटन, आयुष, वेलनेस,खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमाबाईल्स, वैकल्पिक ऊर्जा और सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों को लिबरल, सरल व आसान बना सकते हैं। उन्होंने कि सरकार द्वारा मजबूत नीतिगत ढांचे में निवेशक हितैषी नीतियां बनाने के लिए 27 से अधिक पॉलिसिज को या तो बनाया गया है या नवीनीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हमारा दृढ़ विश्वास है कि निजी क्षेत्र के साथ मजबूत सम्बन्ध बनाने एवं साझेदारी स्थापित करने से ही हम राज्य में आर्थिक प्रगति एवं रोजगार के अवसरों के सृजन की दिशा में और अधिक तेजी से आगे बढ़ सकते हैं, राज्य में उद्योगों के साथ बेहतर सम्बन्ध एवं तालमेल बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि उत्तराखण्ड राज्य के विकास में आप सभी सहभागी बनेंगे, साथ ही सभी को यह भी विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड में अपने उद्योग स्थापित करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। उद्यमियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारी पहले भी थे, लेकिन आपके विशेष योगदान के कारण उद्यमियों की अधिकांश समस्याओं का समाधान हो गया है और उद्यमियों को आगे बढ़ाने में आपका (सीएम पुष्कर सिंह धामी का विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा में फंसे मजदूरों को सकुशल निकालने हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने वैश्विक स्तर पर राज्य की पहचान, औद्योगिक निवेश, विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं सुधारों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा, त्रिलोक सिंह चीमा, राम सिंह कैड़ा, डॉ.मोहन सिंह बिष्ट, मेयर रामपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल बेला तौलिया, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, गुंजन सुखीजा, एससी आयोग के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, अध्यक्ष कृषि उत्पादन एवं मण्डी परिसद डॉ.अनिल कपूर डब्बू, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, मण्डलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी यूएसनगर उदयराज सिंह, नैनीताल से वन्दना सिंह, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, अशोक कुमार जोशी,अशोक बंसल,श्रीकर सिन्हा, कृष्ण सत्यबली, मनोज डागा, रमेश मिड्डा, दुर्गेश मोहन,राजेश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, असवानी छावड़ा, नवीन झा, अमन गर्ग आदि भी मोजूद थे।

# वन पंचायतों में जड़ी-बूटी के उत्पादन कार्य शुरू करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में प्रदेश के वन पंचायत में जड़ी-बूटी उत्पादन के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने वन पंचायतों में जड़ी-बूटी के उत्पादन की दिशा में शीघ्र कार्य शुरू किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अपने निर्देश में कहा कि इसके लिए शीघ्र ही एक फेडरेशन का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी ऐसी इच्छुक वन पंचायतों को, जो हर्बल अरोमा टूरिज्म पार्क के लिये मानदंडों को पूरा



करता है, इसमें शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि वन पंचायतों के क्षेत्र विस्तार के बजाय इच्छुक वन पंचायतों को प्राथमिकता दी जाए, इससे सफलता की अधिक संभावनाएँ हैं। उन्होंने छोटे और बड़ी मूल्य संवर्धन इकाइयों पर भी फोकस किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक वैल्यू एडिशन यूनिट तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों की नर्सरी भी समय से तैयार हो जाए इसके लिए भूमि चयन एवं अन्य तैयारियाँ शुरू की जाए। इसमें जिलाधिकारी एवं डीएफओ को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इसके लिए डीएम, डीएफओ एवं जिला उद्यान अधिकारी लगातार बैठकें आयोजित कर योजना को गति देने का कार्य करें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, पीसीसीएफ डॉ. धनंजय मोहन, सीसीएफ डॉ. पराग मधुकर धकाते, सचिव श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी एवं निदेशक सेंटर फॉर एरोमैटिक प्लांट डॉ. निरपेंद्र चौहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी लोकपर्व इगास बग्वाल की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड के लोकपर्व इगास-बग्वाल की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि यह हम सभी प्रदेशवासियों का सौभाग्य है कि लोक कला, लोक संस्कृति एवं परंपराओं के दृष्टिगत देवभूमि उत्तराखण्ड समृद्ध प्रदेश है। उत्तराखण्ड अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ अपने लोक नृत्य, त्यौहार, कौथिग और मेलों के कारण अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। राज्यपाल ने कहा कि लोक पर्वों के व्यापक आयोजनों के जरिए ही उत्तराखण्ड के लोग खासकर युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति को बेहतर ढंग से आत्मसात कर सकती है। यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हाल के कुछ वर्षों से प्रवासी उत्तराखंडी भी अपने गांवों में आकर इगास के पर्व को उल्लासपूर्वक एवं धूमधाम से मना रहे हैं। इस तरह की अभिनव पहल उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति व लोक परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि कोशिश करें कि वे अपने गांव-घर जाकर लोकपर्व 'इगास' को उत्साहपूर्वक मनाएं।

# राज्य में फिल्म शूटिंग एवं फिल्म उद्योग में निवेश के लिए तैयार किया जा रहा अनुकूल वातावरण

## पेरिस से आयी अभिनेत्री एवं निर्देशक मैरियन बोरगा ने की उत्तराखण्ड की फिल्म नीति की सराहना





गोवा/देहरादून(उद संवाददाता)। 54वें इटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आर्फ इंडिया के अंतर्गत फिल्म बाजार-2023 में उत्तराखण्ड पवेलियन" डेस्टिनेशल उत्तराखंड के तहत विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म निमार्ताओं द्वारा राज्य में फिल्म शूटिंग एवं निवेश के प्रति रुचि दिखाई है। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार राज्य में फिल्म शूटिंग एवं फिल्म उद्योग में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य में आगामी दिसम्बर 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निवेश के दृष्टिकोण से नई फिल्म नीति भी प्रस्तावित की गई है। गोवा में आयोजित फिल्म बाजार 2023 में उत्तराखण्ड पवेलियन द्वारा फिल्म शूटिंग एवं निवेश सम्बंधी जानकारी दी गई है। नोडल अधिकारी डॉ.उपाध्याय ने बताया कि 20 नवंबर से 22 नवंबर 2023 तक विभिन्न फिल्म निर्माताओ एवं प्रोडक्शन हाउस द्वारा जानकारी प्राप्त की गई है, जिसमे पेरिस से आयी अभिनेत्री एवं निर्देशक मैरियन बोरगा ने उत्तराखण्ड की फिल्म नीति की सराहना की। आस्ट्रेलिया से आए उत्तराखण्ड मूल के निर्देशक अनुपम शर्मा ने कहा कि वह आस्ट्रेलिया में रहकर उत्तराखंड की संस्कृति के प्रचार प्रसार का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि वह आस्ट्रेलिया के फिल्म निर्माताओं के साथ मिलकर राज्य में फिल्म शूटिंग एव निवेश की योजना बना रहे है। विस्तास मीडिया कैपिटल के ग्रुप सीओओ पीयूष सिंह ने बताया कि कंपनी फिल्म प्रोडक्शन एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी उत्तराखण्ड राज्य में फिल्म प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करना चाहती है। डॉ. नितिन उपाध्याय ने श्री पीयूष सिंह को राज्य में आयोजित होने वाले निवेश सम्मेलन में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया। फिल्म निर्माता शाहनाब आलम ने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्म लोकेशन बेहतरीन है। महाराष्ट्र सरकार में प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री विकास खरगे द्वारा भी उत्तराखण्ड पवेलियन का भ्रमण किया गया, जिसमें उनके द्वारा उत्तराखण्ड सरकार की फिल्म नीति एव योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। फिल्म निर्माता व अभिनेता सतीश शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा फिल्म निर्माता व निर्देशक के अनुकूल फिल्म नीति तैयार की जारी है, जिसके लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी बधाई के पात्र हैं। उत्तराखण्ड पवेलियन में शौम्य फिल्म के चरणप्रीत सिंह, हकनित ब्लॉग्स, एन.एफ.डी.सी.के श्री अनुभव खंडूड़ी, सिविक स्टूडियो मुम्बई, लोटस डस्ट पिक्चर के अंकित गाँधी, वेव मल्टीमिडिया के विनोद गुप्ता, एबीना ग्रुप के नीतू जोशी, संजय मित्तल, पी.एच. डी. चौंबर ऑफ कॉमर्स के डिप्टी सेक्रेटरी संचित प्रभाकर, मीडिया मैजिक के विक्रम राजदान आदि द्वारा भ्रमण किया गया। उत्तराखण्ड पवेलियन में फिल्म निर्माता व निर्देशकों का स्वागत स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर किया गया।

# सीएजी रोल इन प्रमोटिंग गुड गर्वनेंस विषय पर सेमिनार आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र ऑडिटोरियम गढ़ी कैंट में ऑडिट सप्ताह के अवसर पर 'सीएजी रोल इन प्रमोटिंग गुड गर्वनेंस विषय' पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। यह सेमिनार भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(सीएजी) की समस्त हितग्राहियों तक पहुंच तथा उनके साथ संस्थान के संबंधों की प्रगाढ़ता के लिए यह सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उप महालेखाकार श्रीमती नेहा मित्तल द्वारा लिखित पुस्तक ''देवभूमि उत्तराखंड: द फेसिनेटिंग कल्चर ऑफ सेंट्रल हिमालय'' का विमोचन किया। यह पुस्तक उत्तराखंड की प्राकृतिक संपदा, चारधाम यात्रा और यहां के स्थानीय समुदायों के रहन-सहन पर केंद्रित है। राज्यपाल ने इसके लिए लेखिका को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सेमिनार को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सुशासन के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में लोक प्रशासन को अधिक जिम्मेदार तथा पारदर्शी बनाने में ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। पिछले कुछ



वर्षों में इस संस्थान ने अपने आप को आलोचक से सुशासन का सूत्रधार बनाया है। संस्थान की छवि गलती खोजने की कवायद के रूप में नहीं बल्कि यह संस्थान सुशासन सुनिश्चित करने में एक मूल्यवर्धक भागीदार बन गया है। राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने में ऑडिटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑडिटर गलत कार्यों को गलत बताने में कोई हिचकिचाहट नहीं करते, जो उनकी सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने कहा कि हमें टेक्नोलॉजी और एआई की सहायता से संस्थाओं में बुरी और भ्रष्टाचार जैसी आदतों के साथ-साथ बिचौलियों को अप्रासंगिक बनाना होगा। राज्यपाल ने कहा कि हाल के कुछ वर्षों में डिजिटल प्रणाली के उपयोग से यह सभी संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सीएजी सहित अन्य संस्थानों को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि सीएजी देश एवं विदेशों में भी अपनी भूमिका का निर्वहन बखूबी रूप से कर रहा है। राज्यपाल ने वित्तीय संसाधनों के समुचित प्रयोग की दिशा में सीएजी द्वारा आधुनिक डाटा तकनीकों के प्रयोग तथा एआई के अनुप्रयोगों से गहन डाटा विश्लेषण करने तथा उसका लेखा परीक्षा के दौरान इस्तेमाल करने की सराहना की। सेमिनार के आरम्भ में प्रधान महालेखाकार श्री प्रवीन्द्र यादव ने स्वागत भाषण में सीएजी के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि नए भारत के बदलते स्वरुप के साथ लेखापरीक्षा की प्रणाली में भी सकारात्मक बदलाव आये हैं। महालेखाकार राजीव कुमार सिंह ने सीएजी के देहरादून स्थित चार कार्यालयों की भूमिका एवं उपलब्धियों को रेखांकित किया। मुख्य सचिव डॉ० एस.एस. संधु ने राज्य के वित्तीय संसाधनों के समुचित प्रयोग में लेखा परीक्षा के महत्व पर बल दिया। अपर मुख्य सचिव सुश्री राधा रतूड़ी ने महालेखाकार के हकदारी सम्बन्धी क्रियाकलापों के महत्त्व पर प्रकाश डाला और सामान्य भविष्य निधि खातों के रख-रखाव के कम्प्यूटरीकरण को सराहनीय कदम बताया। उन्होंने भविष्य निधि खातों से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर जारी करने का अनुरोध किया। पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार ने सुझाव दिया कि व्ययों की लेखा परीक्षा के दौरान नियमों के साथ-साथ उसके लक्ष्यों एवं उपयोगिता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। भारतीय वन सर्वेक्षण के महानिदेशक श्री अनूप सिंह ने वनों के प्रबंधन में लेखा परीक्षा की महत्ता बताते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। सम्मेलन में राज्य तथा केन्द्र सरकार के कई शीर्ष अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर निदेशक सुश्री मीना बिष्ट, वरिष्ठ उप महालेखाकार डॉ० काव्यदीप जोशी,उप-निदेशक श्री अनुपम जाखड़, उपमहालेखाकार श्री तुषार कैन, उपमहालेखाकार मुकेश कुमार के साथ विभाग के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# बच्चों की दो दिवसीय धार्मिक परीक्षा संपन्न

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी,धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर के तत्वाधान में हर वर्ष करवाई जाने वाली स्कूली बच्चों की दो दिवसीय लिखित धार्मिक परीक्षा का आयोजन मीरी पीरी खालसा अकैडमी ग्राम रतनपुरा तहसील गदरपुर,जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड में किया गया । उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने बताया कि धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर द्वारा हर वर्ष की भांति स्कूलों में की आयोजित की जाने वाली धार्मिक परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय दर्जे के लगभग चार दर्जन बच्चों द्वारा धार्मिक परीक्षा के लिए नामांकन किया गया था 21 और 22 नवंबर को दो दिवसीय परीक्षा के दौरान बच्चों द्वारा गुरबाणी, गुर इतिहास, सिख रहित मर्यादा एवं सिख धर्म फिलासफी के आधार पर दो पेपरो की परीक्षा दी गई । इस दौरान मीरी-पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा में धार्मिक परीक्षा कार्यक्रम की सराहना करते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह, अकैडमी की प्रधानाचार्य मनदीप कौर,उपप्रधानाचार्य हरमनजोत सिंह एवं परीक्षा प्रबंधक सुखविंदर सिंह,अमरजीत कौर बलविंदर कौर के अलावा जगजीत सिंघ, देविंदर सिंघ एवं अन्य स्टाफ का भी विशेष सहयोग रहा। प्रचारक हरजिंदर सिंह ने बताया कि उनके एवं अन्य सहयोगियों द्वारा मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा एवं अन्य स्कूलों एवं गुरुद्वारों में स्कूली छुट्टियों के दौरान विशेष गुरमत कैंप लगाए जाते हैं, जिसमें गुरमुखी अक्षर ज्ञान,सिख इतिहास ,गुरबाणी ,सिख फिलासफी ,मार्शल आर्ट गतका, स्वास्थ्य संबंधी एवं अन्य विषयों पर आधारित जानकारियां बच्चों को प्रदान की जाती है । धर्म प्रचार कमेटी के सचिव स. बलविंदर सिंह काहलवा का मीरी पीरी खालसा अकैडमी में धार्मिक परीक्षा आयोजित किए जाने पर प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ द्वारा धन्यवाद किया गया । इस मौके पर बच्चों में गुरप्रीत कौर,मनप्रीत कौर,हरप्रीत कौर,सिमरन कौर, मनदीप कौर,रुपदीप कौर,प्रवीण कौर,गुरबख्श सिंह,हीरा सिंह, गुरदिता सिंह,अनमोल सिंह, अंशदीप सिंह,हरमनजीत सिंह,जशनदीप सिंह आदि शामिल थे ।



# सिटी मजिस्ट्रेट ने किया अवैध रिफलिंग का भंडाफोड़

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने औचक निरीक्षण में गैस रिफलिंग के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड स्थित आईटीआई के पीछे प्रगति विहार कॉलोनी में एक गोदाम में प्रदीप जायसवाल नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार किया जा रहा था। इसकी शिकायत किसी के द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को दी गई । सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंची और उन्होंने देखा की कुछ लोगों द्वारा घरेलू



और कमर्शियल सिलेंडर की रिफलिंग बिल्कुल अलग ही अंदाज में की जा रही थी। पानी की मोटर के जरिए यह लोग गैस की रिफलिंग करते हैं। ऐसा पहली बार देखने को मिला है। फिलहाल बड़ी संख्या में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर रिफलिंग करने वाली पानी की तीन मोटर को पूर्ति विभाग ने कब्जे में लेते हुए सील कर दिया। प्राधिकरण द्वारा अवैध तरीके से चल रहे गोदाम को सील कर दिया है। अवैध रिफलिंग करने वाले प्रदीप जायसवाल और उसके अन्य साथी के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है। भवन में अवैध तरीके से दिए बिजली कनेक्शन पर भी कार्रवाई की जा रही है।

# नहर में महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिवस मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात महिला का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। । सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलकर अपने कब्जे में लिया। मौके पर मृतका की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम गृह को भेज दिया। जानकारी के अनुसार कठघरिया कुरियागांव की सिंचाई नहर में कूड़ा फंसा होने के कारण नहर चोक हो गई थी। पास का निवासी एक किसान कूड़ा निकालने के लिए नहर में उतरा। जब उसने कूड़ा खींचा तो उसमें महिला की लाश निकली। नहर में महिला का शव पाए जाने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और भारी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर महिला के शव को अपने कब्जे में लिया। उसकी उम्र करीब 28 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर शव के शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। पुलिस द्वारा आसपास के थाना क्षेत्रों से गुमशुदगी की जानकारी ली जा रही है। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने कहा कि शव की पहचान कराई जाने तक शव को मोर्चरी में रखा गया है।

# वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर रेलवे ट्रैक का किया निरीक्षण

लालकुंआ। वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर रेलवे सजग नजर आ रहा है। इस कड़ी में ट्रेनों से जंगली जानवरों के साथ हो रही दुर्घटनाओ को रोकने के लिये रेलवे के अधिकारियों ने मंगलवार को रेलवे ट्रैक निरिक्षण किया। मंगलवार को रेलवे के अधिकारी वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और वन विभाग की संयुक्त टीम के अधिकारी लालकुंआ से रामपुर और लालकुंआ से गुलरभोज रेल मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे। इस संयुक्त निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य हाथियों की सुरक्षा में अंडरपास तथा बैरिकेड लगाना है। ताकि वन्यजीव सुरक्षित रूप से विचरण कर सकें। इस निरीक्षण में रेलवे, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और वन विभाग की संयुक्त टीम में तराई केंद्रीय वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागड़ी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



# सीएम धामी ने दी प्रदेशवासियों को बूढ़ी दीपावली पर्व की शुभकामनाए

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को इगास/बूढ़ी दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लोक पर्व एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत सामाजिक जीवन में जीवंतता प्रदान करने का कार्य करते हैं। हम अपनी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की लोक संस्कृति एवं लोक परंपरा उस राज्य की आत्मा होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी लोक संस्कृति एवं परंपरा देवभूमि की पहचान है। उन्होंने कहा कि हम राज्य की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये संकल्पबद्ध हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि इगास बग्वाल से कई एतिहासिक पहलु भी जुड़े हैं। हमारे लोग इगास पर्व पर अपनी परम्पराओं के साथ अपने पैतृक गांवों से भी जुड़ सके इसके लिए राज्य में इगास पर्व पर सार्वजनिक अवकाश की परंपरा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी भी अपनी लोक संस्कृति एवं लोक पर्वों से जुड़े इसके लिए भी प्रयास होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में विभिन्न संस्कृति और रीति-रिवाजों को मानने वाले लोग निवास करते हैं, उत्तराखण्ड एक लघु भारत का रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की भी कामना की है।

# सिलक्यारा में उच्चाधिकारियों ने की प्रेस ब्रीफिंग

सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में अस्थाई मीडिया सेंटर, सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग की गई।इस दौरान एम.डी (एनएचआईडीसीएल ) महमूद अहमद ने बताया कि टनल के अंदर 900 एम.एम पाइप को पुश किया गया था।वर्तमान समय में टेलीस्कोपिक मेथड से 900 एम.एम पाइप के अंदर, 800 एम.एम के पाइप को भी पुश कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ऑगर मशीन से पुन: ड्रिलिंग शुरू करते हुए शेष स्थान पर ड्रिलिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया की बड़कोट वाले छोर से होरिजेंटल ड्रिलिंग का कार्य शुरू हो गया था। जिसमें तीसरा ब्लास्ट कर लिया गया है। सचिव उत्तराखण्ड शासन डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि पूर्व में अंदर फंसे श्रमिकों के साथ वीडियो के माध्यम से संवाद हुआ था। अब एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की मदद से ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप तैयार कर लिया गया है। जिसमें वायर, माइक्रोफोन और स्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा है। सचिव डॉ. खैरवाल ने बताया कि ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप तैयार होने के उपरांत अंदर फंसे श्रमिकों की सबसे पहले डॉक्टर से बात करवाई गई। इस क्रम में सभी श्रमिकों की एक-एक करके डॉक्टर से बात करवाई जा रही है एवं उनका हाल-चाल जाना जा रहा है। उन्होंने कहा की अंदर फंसे लोगों को जरूरी दवाईयां भेजी जा रही है। इसके अतिरिक्त मूलभूत सामग्री जैसे टॉवल, ब्रश, छोटे कपड़े भी भेजे जा रहे है। अंदर फंसे सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखण्ड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, कमांडेंट एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी मौजूद रहे।



# निर्वाचन आयोग ने शुरू की निकाय चुनाव की तैयारी

## उत्तराखंड के अधिकतर नगर निकायों की मतदाता सूचियों का प्रकाशन 2 फरवरी 2024 को

उधम सिंह नगर(उद संवाददाता)। 8 माह से अधिक समय देरी से उत्तराखंड शासन के शहरी विकास विभाग से राज्य की नगर स्थानीय निकायों के प्राप्त परिसीमन के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की दो अधिसूचनायें जारी करके जन सामान्य के लिये प्रकाशन की तिथि 2 फरवरी 2024 निर्धारित कर दी है। इन अधि सूचनाओं में नगर निगम रूड़की तथा 4 नगर पालिकाओं तथा 6 नगर पंचायतों को शामिल नहीं किया गया है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने राज्य निर्वाचन आयोग को सूचना प्रार्थना पत्र देकर नगर निकाय चुनावों के सम्बन्ध में कार्यवाही की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में सहायक आयुक्त/लोक सूचना अधिकारी राजकुमार वर्मा ने अपने पत्रांक 748 दिनांक 15 नवम्बर 2023 के साथ अधिसूचनायें तथा शासन को परिसीमन की अधिसूचनायें हेतु भेजे पत्रों की प्रतियां उपलब्ध करायी गयी है। श्री नदीम को उपलब्ध अधिसूचना संख्या 679 दिनांक 26 अक्टूबर 2023 से नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, काशीपुर, रूद्रपुर, हल्द्वानी, काठगोदाम, कोटद्वार तथा श्रीनगर तथा अधिसूचना संख्या 680 से नगर पालिका परिषदों (नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर, नरेन्द्र नगर, रूद्रप्रयाग एवं बाजपुर को छोड़कर) एवं नगर पंचायतों (कीर्ति नगर, गंगोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ, मुनस्यारी एवं नंदा नगर घाट को छोड़कर) की मतदाता सूचियों के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। नदीम को उपलब्ध अधिसूचनाओं के अनुसार निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) के तैयार होने के उपरान्त जन सामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन 2 फरवरी 2024 को होगा। इससे पूर्व संगणको, पर्यवेक्षकों तथा सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों आदि की नियुक्ति के लिये 2 से 6 नवम्बर तक (5 दिन) प्रशिक्षण हेतु 7 से 9 नवम्बर (3 दिन) संगणक द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण की अवधि 14 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक (25 दिन), प्रारूप नामावलियों पाण्डुलिपि तैय्यार करने हेतु 09 से 13 दिसम्बर (05 दिन), प्रारूप नामावलियों की डाटा एण्ट्री/फोटो स्टेट हेतु 14 दिसम्बर से 7 जनवरी (25 दिन), निर्वाचक नामावलियों के आलेखा प्रकाशन हेतु 8 जनवरी 24 निर्वाचन नामावलियों के आलेखा के निरीक्षण तथा दावे आपत्तियां दाखिल करना हेतु 9 जनवरी से 15 जनवरी (7 दिन) तथा दावे तथा आपत्तियों के निस्तारण हेतु 16 से 22 जनवरी (7 दिन) पूरक सूचियों की डाटा/ एण्ट्री फोटो स्टेट हेतु 23 जनवरी से 01 फरवरी 2024 (10 दिन) का समय निर्धारित किया गया है। अधिसूचनाओं में स्पष्ट किया गया है कि 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावलियों में शामिल किये जायेंगे। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि आपत्ति तथा दावे के सम्बन्ध में अपील जिला मजिस्ट्रेट को निर्धारित नियमों के अनुसार निर्धारित अवधि में दायर की जा सकती है। श्री नदीम को उपलब्ध राज्य निर्वाचन आयोग के उत्तराखंड शासन के शहरी विकास विभाग को भेजे पत्रों से स्पष्ट है कि 2023 में कार्यकाल होने वाले नगर निकायों के निर्वाचन के लिये कार्यवाही पत्रांक 1029 भेजकर 16 नवम्बर 2022 से ही शुरू कर दी गयी थी। इस पत्र से आयोग ने शासन से नवसृजित/सीमा/ विस्तारित/ उच्चीकृत नगर स्थानीय निकायों के कक्षों (वार्ड) का परिसीमन/निर्धारण पूर्ण कराकर तत्सम्बन्धी अधिसूचना की प्रतियां 15 फरवरी 23 तक उपलब्ध कराने की अपेक्षा की थी। ऐसा न करने पर इस हेतु पत्रांक 1419/दि0 13 मार्च 2023, पत्रांक 08 दि0 6 अप्रैल 23, पत्रांक 25 दि 12 अप्रैल 23, पत्रांक 86 दि0 03 मई 23, पत्रांक 152 दि0 25 मई 23, पत्रांक 251 दि0 22 जून 2023, पत्रांक 382 दि0 3 अगस्त 23, पत्रांक 494 दि0 13 सितम्बर 23 तथा पत्रांक 619 दि0 10 अक्टूबर 2023 को कुल 10 पत्र भेजे गये हैं। अधिसूचनाओं से स्पष्ट है कि 25 अक्टूबर 2023 के शहरी विकास विभाग के पत्र से परिसीमन उपलब्ध कराया गया है।

# खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर निकली भव्य निशान यात्रा

## 501 महिलाओ व बच्चों ने बाबा का निशान उठाया, आज सजेगा विशाल दरबार

सितारगंज(उद संवाददाता)। खाटू नरेश श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर श्याम भक्तों ने महाराजा अग्रसेन धर्माथ ट्रस्ट से विधिवत पूजन कर निशान उठाये। इस दौरान निशान उठाने में महिलाओ व बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रीतिभाग किया,पूरा वातावरण बाबा श्याम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। श्याम भक्तों ने बताया कि महाभारत के युद्ध के दौरान महान बर्बरिक ने अपना शीश दिया और भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें वरदान दिया कि कलयुग में आप मेरे नाम से जाने जाओगे और शीश के दानी कहलाओगे,निशान यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए महाराणा प्रताप चौक से श्री सनातन धर्म मंदिर में पहुंची वहां बाबा के समक्ष निशान चढ़ाये गये। निशान यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। निशान यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अग्रवाल महासभा जिलाध्यक्ष महेश मित्तल,मुकेश गर्ग,सुरेश अग्रवाल, शिवकुमार मित्तल, राजाराम सिंघल,मुकेश गोयल, सतीश उपाध्याय, संजीव गोयल, संजय गोयल, सुशील जैन,बजरंग गुप्ता,विनय गर्ग, बृजलाल गुप्ता, सम्पतराम गोयल, दीपक गोल्डी, विकास गोयल,डब्बू बिंदल, उमेश सिंघल, उमेश सोनू, दीपक गोयल, जीवन शर्मा, प्रकाश मित्तल, अभिषेक जैन,मयंक मित्तल, पंकज गर्ग, विशाल मित्तल, गौरव गोयल, विकास मित्तल, अनिल सिंघल, अमन गुप्ता, मोहित गर्ग, शुभम मित्तल, विकास बंसल, भरत सिंघल, अंकित गोयल, सतीश सागर, यश बंसल, ऋषभ मित्तल,आदित्य गर्ग, संगीता मित्तल,रितिका गुप्ता, धर्मा देवी,पूजा मित्तल,पल्लवी सिंघल,सीमा सिंघल,गरिमा सिंघल,आकांक्षा,कीर्ति गोयल, मेघा सिंघल आदि मौजूद रहे।





## पेज एक का शेष...

12 **दिन बाद आज ...**तक ऑपरेशन सिलक्यारा पूरा हो जाएगा। पाइप पार होने के बाद पहले उनके जवान उसका निरीक्षण करेंगे। इसके बाद पहियों वाले स्ट्रेचर से मजदूरों को बाहर निकाला जाएगा। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी सुरंग के भीतर पहुंच गई है। मजदूरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अस्पताल को अलर्ट मोड में रखा गया है। मजदूरों के लिए ऋषिकेश एम्स में 41 बेड सुरक्षित रखे गए हैं। वहीं ट्रामा सेंटर में 20 बेड आरक्षित रखे गए हैं। आईजी गढ़वाल रेंज के.एस. नागन्याल ने बताया कि फंसे हुए श्रमिकों को ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से घटना स्थल से अस्पताल तक ले जाएंगे। डॉक्टर की सलाह पर, यदि फंसे हुए लोग गंभीर स्थिति में हुए तो हम उन्हें एयरलिफ्ट भी कर सकते है। यदि उन्हें बेहतर चिकित्सा सहायता की आवश्यकता महसूस होती है, तो उन्हें ऋषिकेश एम्स ले जाया जाएगा।

**खाटू जी के जन्मोत्सव...**जी का जन्मोत्सव जयघोषों के साथ धूमधाम से मनाया। बैंड बाजे तथा डीजे के मधुर धार्मिक संगीत के साथ निशान यात्रा श्री खाटू श्याम मंदिर से रवाना होकर ट्रांजिट कैंप चामुण्डा मंदिर शिवनगर लौटी। जहां निशान यात्रा में शामिल बाबा भक्तों को भंडारा वितरित किया गया। मार्ग में अनेक स्थानों पर बाबा भक्तों द्वारा निशान यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। आयोजन समिति के संयोजक संजीव गुप्ता वा वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने निशान यात्रा में शामिल होने वालों के साथ ही निशान यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने श्री खाटू श्याम बाबा का आर्शीवाद लेकर मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने में सहयोग किया। श्री गुप्ता ने बताया कि आज सायं सात बजे से श्री श्याम सेवा समिति, प्रीत विहार द्वारा प्रीत विहार वार्ड 25 में श्री शनि मंदिर के समीप ग्रेटर कैलाश कालोनी में श्री खाटू श्याम बाबा जी का भव्य संकीर्तन दरबार सजाया जाएगा। जिसमे आमंत्रित भजन गायक कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। निशान यात्रा में संजीव गुप्ता, भारत भूषण चुघ, सुरेंद्र गुप्ता, विकास बंसल, प्रेमपाल गंगवार, कृष्ण पाल गंगवार, वेद प्रकाश मौर्या, रविन्द्र सिंह, हरिओम, मनोज गुप्ता, राजीव गुप्ता, अमित कोशिक, देव सक्सेना, बंटी शर्मा, हर्ष रस्तोगी, योगेश अग्रवाल, जितेंद्र राजपूत, दीपू गुप्ता, हरिओम, अमित कौशिक, सोनू रस्तोगी, राजेन्द्र शर्मा, ठा. भीमसेन, पुरुषोत्तम राजपूत, संदीप पंवार, कपिल सक्सेना, प्रवेश गंगवार, परमसिंह गंगवार, सरिता गुप्ता, रागिनी मिश्रा, सन्नी गुप्ता, विद्या गंगवार, कोमल गुप्ता, गीता गुप्ता आदि हजारों बाबा भक्त शामिल रहे।

**हादसे में जीजा साले...**में दिवाली मेला देखने के लिए बाईक पर सवार होकर गये थे। देर रात्रि तक वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को उनकी चिंता सताने लगी और उन्होंने उनकी खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला। गुरूवार प्रात: ग्राम ध्यानपुर के कुछ लोगों ने मुख्य मार्ग के किनारे नाले में तीन युवकों को बेसुध हालत में पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी ग्राम प्रध ान समर सिंह को दी। ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंचकर मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर आ पहुंचे। पुलिस ने तीनों युवकों को तत्काल चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जसविंदर सिंह और रिंकू सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल हरपिंदर सिंह को उपचार के लिए खटीमा रैफर कर दिया। पुलिस से घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बाईक पुलिया से टकराने के बाद नाले में जा गिरी। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिये हैं।

**तकिये से पिता का...**के करीब जब वह दुकान पर बैठकर खाना खा रहा था इसी दौरान यूसुफ खां व एक अन्य वहां आ धमके और कोतवाली में गवाही देने के नाम पर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उपरोक्त दोनों ने पत्थर व धारदार हथियारों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मारपीट के इस मामले में भी यूसुफ खां समेत अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# निरन्तर बनी रहनी चाहिए सीखने की लालसा: राज्यपाल

## स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह संपन्न

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उपाधियां और गोल्ड मेडल प्रदान






किए। राज्यपाल के द्वारा 2018 बैच की हर्षिता चौहान को डॉ. स्वामी राम बेस्ट नर्सिंग ग्रेजुएट अवार्ड से नवाजा गया। दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि मनुष्य के जीवन में शिक्षा, जीवन के अंतिम क्षण तक अनवरत गतिमान रहती है। दीक्षांत के आज इस पड़ाव के उपरान्त लक्ष्यों को प्राप्त करने की आपकी यात्रा शुरू हो रही है। इसमें सफलता हेतु मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में नारी शक्ति का सशक्तिकरण, उत्तराखण्ड राज्य को इस दशक में देश का विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि पी.एच.डी. और गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले 15 उपाधि धारको में से 14 छात्राएं हैं जो इस बात का परिचायक है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिलाओं के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। राज्यपाल ने कहा कि शिवजी के त्रिशूल की भांति तीन मंत्रों, अन्तर्निहित शक्ति, खुश रहने की कला एवं निस्वार्थ भाव से सेवा को अपने जीवन में अपनाकर आप सभी उपाधि धारक राज्य एवं राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दे सकते है। राज्यपाल ने कहा कि अब आप स्वयं लीडर हो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक योद्धा की भांति आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करो, निसंदेह सफलता आपके कदम चूमेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि स्वामी राम जी के स्थापित आदर्शों का अनुसरण करते हुए निस्वार्थ सेवा का प्रण लें। इसके साथ ही आप अपने समाज एवं राष्ट्र के लिए क्या कर सकते हैं इस पर भी चिंतन अवश्य करें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना पर खुशी जताई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विजय धस्माना ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में सीखने की लालसा निरन्तर बनी रहनी चाहिए। आने वाले समय में आपको कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आप चुनौतियों का सामना धैर्य और दृढ़ता से करते हुए अपने लक्ष्यों को हासिल करें। उपकुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं क्रियाकलापों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, महानिदेशक अकादमिक विकास, डॉ. विजेन्द्र चौहान, रजिस्ट्रार सुशीला शर्मा सहित विश्वविद्यालय प्रशासन के अन्य सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Galaxy S23 FE
Own at
₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन